# नर्मदांचल



नवभारत

भोपाल, सोमवार, 12 जनवरी, 2026


## एक नजर में

### सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कृषि रथ रवाना किया

**नर्मदापुरम, 11 जनवरी 2026** मध्यप्रदेश शासन के निर्णयानुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में आज जिले में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। विकासखंड पिपरिया के लिए विशेष फ्रकृषि रथोंफ्र को माननीय सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष भाजपा श्री प्रशांत रघुवंशी, श्री राजा भैया पटेल, भाजपा नेता श्री नीतिराज पटेल, जिला निगरानी समिति अध्यक्ष श्री अरविंद राय, कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री रंजीत राजपूत, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना साहू, तहसीलदार पिपरिया श्री वैभव बैरागी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती निराली आर्य एवं सुश्री रूपल राजपूत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ पूरे एक माह तक विकासखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुँचेगा। उन्नत कृषि तकनीकों, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और विभागीय योजनाओं की जानकारी सीधे किसानों तक पहुँचाना। रथ के साथ तकनीकी दल मौजूद रहेगा, जिसमें कृषि विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसान शामिल हैं, जो किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान करेंगे। रूट चार्ट के अनुसार यह रथ प्रतिदिन तीन ग्राम पंचायतों को कवर करेगा। कृषि रथ के माध्यम से ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, पराली प्रबंधन, प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा ने निर्देश दिए हैं कि कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों के शासकीय सेवक गांवों में समन्वय कर विभागीय योजना का प्रचार प्रसार करेंगे ताकि कोई भी किसान योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

**24 मोतियाबिंद मरीज भोपाल रवाना**

भारतीय रेडक्रॉस समिति मध्यप्रदेश राज्य शाखा, भोपाल के निर्देशों के परिपालन में भारतीय रेडक्रॉस समिति नर्मदापुरम द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर दिनांक 6 से 12 जनवरी 2026 तक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

# सभी जिलों में हर मंगलवार होगी जल सुनवाई

## जो भी मैदानी अफसर इस काम को करने में लापरवाही बरतेंगे उनके विरुद्ध होगी तत्काल कठोर कार्यवाही




**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/11,जनवरी,2026/** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने हर मंगलवार से जल सुनवाई करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि यह जल सुनवाई नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत से लेकर ग्राम पंचायतों में होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नल जल में लीकेज की जल्द पहचान करने और उसे मौके पर ही ठीक करने के लिए पहली बार रोबोट की भी मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जल सुनवाई स्वच्छ जल अभियान, जल सुरक्षा, जल संरक्षण के उद्देश्य के तहत होगी। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त अभियान को वर्चुअल लॉन्च किया और यह भी कहा कि जल सुनवाई पूरी गंभीरता से की जाए। किसी भी हाल में दूषित पानी की आपूर्ति नहीं होनी चाहिए। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए साफ पानी पहुंचाने के वैकल्पिक इंतजाम हो। जो भी मैदानी अफसर इस काम को करने में आनाकानी करेंगे या लापरवाही बरतेगे उनके विरुद्ध तत्काल ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल सुनवाई से आम जनता को मिलेगा सुनवाई का हक और होगी साफ पेयजल की सुनिश्चितता। अभियान के क्रियान्वयन के लिए जन जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दो चरणों में अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। द्वितीय चरण 1 मार्च से 31 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत समस्त जल शोधन संयंत्र और पेयजल संग्रहण टंकियो की साफ सफाई की जाएगी साथ ही जीआईएस मैप आधारित ऐप से सभी की निगरानी की जाएगी। इस दौरान पेयजल पाइपलाइन में दूषित मिश्रण को रोकने की कार्रवाई की जाएगी, साथ ही जीआईएस मेंप पर वॉटर पाइपलाइन और सीवेज पाइपलाइन की मैपिंग की जाएगी। इंटर पॉइंट सेक्शन का भी चिन्हांकन होगा और हर घर जल लीकेज की जांच की जाएगी। सभी पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा। अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों के माध्यम से नागरिकों को साफ पीने का पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस उद्देश्य की पूर्ति करने के लिए सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल की गुणवत्ता का नियमित रूप से परीक्षण किया जाएगा। एसटीपी की भी होगी नियमित रूप से निगरानी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता दूषित पेयजल की शिकायत 181 पर कर सकेगी साथ ही पेयजल से संबंधित समस्त आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी नगर निगम आयुक्त, सभी संभाग के संभागायुक्त, कलेक्टर एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए अपनी जवाबदारी का निर्माण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जवाबदारी है कि हम साफ जल घर-घर तक पहुंचाएं। पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच करें। यदि पेयजल दूषित है तो वैकल्पिक पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में आम जनता को दूषित पेयजल की सप्लाई न होने पाए। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए कि हर मंगलवार को जल सुनवाई का आयोजन कर गंभीरता से पेयजल संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाए।

### पेट्रोल पंप संचालक ने कर्मचारियों के साथ मिलकर युवक के साथ की मारपीट

**इटारसी।** फोरलेन पर एक पेट्रोल पंप संचालक अक्षत अग्रवाल ने अपने दो अन्य कर्मचारियों नितिन, कपिल और एक अन्य के साथ मिलकर बैतूल निवासी एक आदिवासी युवक से सीएनजी फ्यूल भरवाने की बात पर से न सिर्फ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया बल्कि उसके साथ गाली गलौच करते हुए रॉड, पाइप और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। पुलिस ने मंगल पिता सदन धुर्वे 35 वर्ष, निवासी गोंडी मोहल्ला बरबटपुर, शाहपुर जिला बैतूल की शिकायत पर श्याम फ्यूल एचपी पेट्रोल पंप फोरलेन पर हुई मारपीट की घटना पर अक्षत, नितिन और कपिल सहित एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया.

### सरवाइट स्कूल ने स्प्रिंगडेल स्कूल को 4 विकेट से हराया

**नर्मदापुरम** के गुप्ता ग्रांउड पर नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सांसद कप अंडर-19 इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरा मैच सरवाइट स्कूल नर्मदापुरम और स्प्रिंगडेल स्कूल नर्मदापुरम के बीच खेला गया। संघ के मानसेवी सचिव श्री प्रदीप तोमर ने बताया कि स्कूल के नए प्रतिभावान बच्चों में खेलों को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से आयोजित की.

## नगर के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे इंदौर

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 11 जनवरी** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज इंदौर में भागीरथपुरा में घटी घटना के विरोध में हरदा से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई के नेतृत्व में इंदौर पहुंचे कुछ दी दिन पूर्व भागीरथपुरा में दूषित पानी से 20 लोगों की मौत हो चुकी थी और सैकड़ों लोग आज भी हॉस्पिटल में भर्ती हैं सरकार जनता को स्वच्छ पानी नहीं दे पाई आज तक 20 लोगों की जान गई है उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया गया ना ही बीमार लोगों को कोई राहत दी गई है इसके विरोध में आज न्याय



यात्रा निकाली गई यात्रा में सोनतलाई ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई शशिकांत वर्मा आशुतोष कोठारी गोविंद सुरमा रामदास तोमर करताना ब्लाक अध्यक्ष विक्रम चौहान सूरज सिंह राजपूत सुनील सिंह राजपूत प्रद्युम्न कुशवाह लोकेश जयसवाल सत्यनारायण राजपूत देवी सिंह राजपूत राजेश कलम अनिल बिश्नोई गौतम पटेल भजन बेनीवाल शरद कांवा प्रेरक सारण सतीश भादू सतीश खोड मनोज साई सहित अन्य साथी शामिल हुए

### मदिरा के अवैध विक्रय के विरुद्ध 9 प्रकरण दर्ज

**हरदा** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के शनिवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने बिच्छापुर, बघवाड, वार्ड क्रमांक 1 टिमरनी, टेमागांव में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 18 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 31 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब एवं 480 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया.

## पीएमश्री नर्मदा महाविद्यालय में आज सामूहिक सूर्य नमस्कार

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 11 जनवरी** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस 'युवा दिवस' के उपलक्ष्य में कल 12 जनवरी को जिले भर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम प्रात- 9 से 10.00 बजे तक शासकीय पीएम श्री नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित होगा। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक ही संकेत पर सूर्य नमस्कार किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में शारीरिक व मानसिक सुदृढ़ता के साथ अनुशासन की भावना विकसित करना है। कलेक्टर ने आयोजन स्थल पर स्व' छता, सुरक्षा और समयबद्धता सुनिश्चित करने के विशेष निर्देश दिए हैं।

### श्री गौड़ मालवीय ब्राम्हणसमाज का स्नेह मिलन समारोह

**इटारसी।** श्री गौड़ मालवीय ब्राहमण समाज संगठन इटारसी द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन पुरानी इटारसी स्थित सुदामा मैरिज हॉल मेंहुआ। इस कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर नव वर्ष की खुशियां साझा कीं और सामाजिक एकता का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ हुई। सर्वप्रथम सामूहिक सुंदरकांड पाठ के बाद मधुर भजनों की प्रस्तुति और विधि-विधान से आरती की गई। भक्तिमय भजनों ने पूरे वातावरण को धर्ममय बना दिया। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात पुरानी इटारसी के आयोजनकर्ताओं द्वारा उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं का तिलक लगाकर और पुष्पों से आत्मीय स्वागत-सत्कार किया। स्नेह मिलन के इस अवसर पर सभी के लिए स्नेह भोज का आयोजन भी किया। जहां समाज के वरिष्ठों और युवाओं ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।पुरानी इटारसी के आयोजनकर्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## भोपाल खण्डवा सुपर फास्ट ट्रेन चले, स्टापेज का इंतजार

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 11 जनवरी** बानापुरा रेल्वे स्टेशन पर टेनों के स्टापेज को लेकर लम्वे समय से मांग की जा रही है यहाँ पर ट्रेन के स्टापेज को लेकर रेल विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से अनेकोंबार नागरिकों ने मांग की परन्तु स्टापेज आज तक नहीं हो सका।

ट्रेन स्टापेज को लेकर हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन भी दिए परन्तु स्टापेज नही हुआ। बानापुरा में रेल्वे ब्रिज निर्माण के समय उपस्थित रेल मण्डल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल्वे भोपाल से सैंकडों यात्रियों ने ट्रेन स्टापेज की मांग की थी परन्तु निराशा ही हाथ लगी उन्होंने भी साफ शब्दों में कह दिया था कि स्टापेज नही हो सकता।

नागरिकों ने रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारीयों एवं डीआरएम से मांग की है कि बानापुरा रेल्वे स्टेशन पर हैदराबाद जोधपुर एक्सप्रेस वाया भुसावल इटारसी, कामायनी एक्सप्रेस, ताप्ती गंगा एक्सप्रेस, तुलसी एक्सप्रेस का स्टापेज किया जाए एवं भोपाल से भुसावल सटल सुपरफास्ट एक्सप्रेस चलाई जाये। नागरिकों ने पूर्व सांसद राव उदय प्रताप सिंह से भी चर्चा कर स्टापेज की मांग की थी जिसपर सांसद ने आश्वासन दिया था कि शीध्र ही ट्रेन का स्टापेज कराया जाएगा परन्तु वर्षों बाद भी नागरिकों को अब बानापुरा स्टेशन पर ट्रेन स्टापेज की उम्मीद नजर नही आती दिख रही है।

### स्कूल शिक्षा मंत्री आज नर्मदापुरम में रहेंगे

**नर्मदापुरम/11,जनवरी,2026** / प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह सोमवार 12 जनवरी को नर्मदापुरम जिले के भ्रमण पर रहेंगे। मंत्री श्री राव दोपहर 12.30 बजे नर्मदा पुरम आएंगे एवं गेल इंडिया लिमिटेड की कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के अंतर्गत अनंत फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## शिक्षा की गुणवत्ता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए-चौधरी

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 11 जनवरी** शिक्षा की गुणवत्ता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, आप सभी भविष्य निर्माता गढ़ने करने का कार्य कर रहे हैं, लगातार संघर्ष के बाद हमें सफलता मिली और आगे भी सफलता मिलेगी उक्त आशय के सांसद चौधरी दर्शन सह ने बनखेड़ी विकासखंड के उमरधा के समीप नर्मदा तट पासीघाट में राज्य शिक्षक संघ के शिक्षक मिलन समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने इस अवसर पर राज्य अध्यापक शिक्षक संघ के सदस्यों के बीच अपने शिक्षा समय के कई अनुभव साझा किये। व बेहतर कार्य करने के लिए शिक्षक संघ के सदस्यों से अपील की।

जानकारी देते हुए शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अजय सोनी ने बताया की शिक्षक मिलन समारोह में क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव प्रदेश महासचिव करतार सिंह राजपूत एवं जिला अध्यक्ष उमेश ठाकुर सहित श्रीमती प्रीता पटेल अध्यक्ष महिला मोर्चा राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश, नागेंद्र त्रिपाठी, गाडरवाड़ा,दीप सिंह रघुवंशी पिपरिया,मकृष्ण गौर ,हरदा, विनय मोहन शर्मा ,पिपरिया, सुनील साहू ,अजय सोनी ब्लॉक अध्यक्ष संजय राय तहसील अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में राज्य अध्यापक संघ परिवार के शिक्षक, अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

### धान उपार्जन के लिए कल तक होगा स्लॉट बुकिंग

**हरदा** खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले में धान उपार्जन का कार्य 1 से 20 जनवरी 2026 तक किया जाना है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री बासुदेव भदोरिया ने बताया कि धान उपार्जन के लिये किसानों द्वारा 13 जनवरी तक स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे 13 जनवरी से पूर्व स्लॉट बुकिंग कर फसल विक्रय करें।

## कृषि रथ के माध्यम से किसानों को मिलेगी कृषि की शासकीय योजनाओं की जानकारी




**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 11 जनवरी** कार्यालय उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला हरदा में रविवार को जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय कृषि रथ को ग्राम पंचायतो के लिये हरी झंडी दिखाकर रवानगी किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा, कृषि स्थाई समिति के सभापति ललित पटेल, एसडीएम हरदा अशोक कुमार डेहरिया, उप संचालक कृषि श्री जे.एल. कास्दे, उप परियोजना संचालक (आत्मा) अखिलेश पटेल, कृषि वैज्ञानिक डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया, पशुपालन डॉ. एस.एन. बांके तथा कृषि एवं कृषि से संबंद्ध विभाग उद्यानिकी, मत्स्य, कृषि, सहकारिता के अधिकारी एवं कृषक भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि इस दौरान उपस्थत जनप्रतिनिधियों ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर हरदा विकासखंड की ग्राम पंचायत रूपी परेटिया व रन्हाईकलां के लिये रवाना किया गया। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि एवं संबंद्ध विभाग की विभागीय योजनाओ तथा जैविक खेती, प्राकृतिक कृषि, मृदा स्वास्थ कार्ड, एकीकृत पोषक तत्व, फसल विविधिकरण, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, नरवाई प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी जा रही है। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक द्वारा समसामायिक सलाह प्रदान की जा रही है। म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि रथ संचालन करने के निर्देश दिये गये है। जिले में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने एवं कृषि रथ के संचालन में कृषि एवं संबद्ध विभाग तथा किसानों के मध्य सीधा संपर्क कर जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से रथ रवाना किया.

## मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कलेक्टर ने सभी को सौंपे दायित्व

**नवभारत न्यूज**

**माखन नगर, 11 जनवरी** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 15 जनवरी के माखन नगर भ्रमण को लेकर कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में बैठक नगर परिषद माखन नगर के सभाकक्ष हुई। कार्यक्रम में सुरक्षा, पार्किंग, लोकार्पण, रोड शो सहित सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

बैठक में क्षेत्रीय विधायक ठा. विजयपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक साई एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ, एडिशनल एसपी, रक्षित निरीक्षक, डीएसपी, अनुविभागीय अधिकारी, परियोजना अधिकारी पीडब्ल्यूडी, नगर परिषद अध्यक्ष, तहसीलदार, विद्युत विभाग, सीईओ, माखन नगर सीएमओ, सोहगपुर सीएमओ सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी एवम् जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का प्राथमिकता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं कार्यक्रम स्थल एवं श्री माखनलाल चतुर्वेदी प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया गया। इनमें वाहन पार्किंग की व्यवस्था, मंचीय कार्यक्रम की रूपरेखा, चिकित्सा एवं एंबुलेंस सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम, हितलाभ तथा विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी की तैयारियां प्रमुख रहीं।

संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन सभी बिंदुओं पर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विशेष रूप से जनसुविधाओं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया।

### आज युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार का आयोजन

**नर्मदापुरम।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस 'युवा दिवस' के उपलक्ष्य में कल 12 जनवरी को जिले भर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम प्रात: 9 से 10:30 बजे तक शासकीय पीएम श्री नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित होगा। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक ही संकेत पर सूर्य नमस्कार किया जाएगा।

## शास . उत्कृष्ट विद्यालय में आज आयोजित होगा सूर्य नमस्कार

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 11 जनवरी** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, हरदा में संपन्न होगा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, जन प्रतिनिधि, शिक्षक एवं विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। प्रात: 9 बजे विद्यार्थियों का मैदान में एकत्रीकरण होगा। इसके बाद प्रात: 9:20 बजे अतिथियों व जनप्रतिनिधियों का आगमन, 9:28 बजे मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा अतिथियों का स्वागत होगा। प्रात: 9:30 बजे से 10:15 बजे तक आकाशवाणी से सीधा प्रसारण होगा तथा अंत में प्रात: 10:30 बजे आभार एवं समापन होगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.एस. रघुवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों, विद्यालय प्रमुखों एवं संबंधित अधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

**कृषि रथ 2026**

**कृषक कल्याण वर्ष 2026 का भविष्य शुभारंभ, किसानों को मिलेगी जानकारी**

## रथ एक माह तक समस्त ग्रामों में पहुंचेगा



**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 11 जनवरी** सिवनी मालवा में उन्नत कृषि और योजनाओं की जानकारी किसानो को दिए जाने के उद्देश्य से कृषक कल्याण वर्ष 2026 कृषि रथ को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग कार्यालय में विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह कृषि रथ क्षेत्र के किसानों तक शासन की विभिन्न कृषक हितेश योजनाओं, नवीन कृषि तकनीकों उन्नत बीज, जैविक खेती एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। इस पहल से किसानों को जागरूकता मिलेगी उनकी आय बढ़ेगी और समृद्ध व सशक्त किसान की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध होगा किसान खुशहाल होगा और प्रदेश समृद्ध होगा।

इस अवसर पर विधायक प्रेमशंकर वर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष पारीक, भाजपा वरिष्ठ सदस्य वीरेन्द्र मिश्रा, नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी, भाजपा कार्यकारिता सदस्य प्रवीण पाणीकर, भाजपा सदस्य राम किशोर साघ, तहसीलदार नितिन कुमार झोड, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संजय कुमार पाठक सहित अनेक कृषक एवं जनप्रतिनिधी उपस्थित थे।

**इनका कहना है।**

इस सम्बंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संजय कुमार पाठक ने बताया कि कृषि रथ को जनप्रतिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रथ विकासखंड के ग्रामों में जायेगा। रथ पूरे एक माह तक विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायतो में ग्रामों में पहुंचेगा जिसके द्वारा उन्नत कृषि और योजनाओं की जानकारी गांव के समस्त किसानो कृषि करने वालों को दी जाएगी।

### जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय शैक्षिक संवाद आयोजित

**सिवनी मालवा,** नगर के ग्राम धामनिया में जनशिक्षा केन्द्र शासकीय नवीन हाई स्कूल के अंतर्गत जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय शैक्षिक संवाद शासकीय प्राथमिक विद्यालय धामनिया में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम शिक्षकों ने मां सरस्वती जी का पूजन अर्चना पश्चात् शैक्षिक संवाद उन्मुखीकरण शिक्षकों के परिचय के साथ प्रारंभ किया जिसमें कक्षा 1 एवं 2 में अध्यापन कराने वाले समस्त शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया गया। शैक्षिक संवाद का विषय कक्षा 1 - 2 में जोड़-घटाव के शाब्दिक / इबारती प्रश्नों पर कार्य पर विस्तृत चर्चा की गई।